“भारती-बहुभाषी अनुवाद सारथी (कंठस्थ)” विषय पर अभ्यास आधारित दो दिवसीय हिन्दी प्रशिक्षण कार्यशाला

दिनांक 19 एवं 20 नवंबर, 2026 को भा.वा.अ.शि.प., मुख्यालय तथा वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून द्वारा संयुक्त रूप से ‘भारती-बहुभाषी अनुवाद सारथी (कंठस्थ)’ विषय पर दो दिवसीय हिन्दी अभ्यास आधारित प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून के जीआईएस शाखा में किया गया। कार्यशाला के प्रथम दिवस प्रतिभागियों को ‘कंठस्थ’ अनुवाद टूल के विशेषताओं एवं उपयोग की प्रक्रिया के संबंध में आधारभूत जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही, इस टूल पर पंजीकरण तथा लॉग-इन करने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। कार्यशाला के द्वितीय दिवस प्रतिभागियों को ‘भारती-बहुभाषी अनुवाद सारथी (कंठस्थ)’ के माध्यम से विभिन्न दस्तावेजों का अनुवाद करने का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। इस दौरान प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं एवं शंकाओं का समाधान भी किया गया। इस अवसर पर श्री शंकर शर्मा, सहायक निदेशक (राजभाषा) ने प्रतिभागियों को उक्त अनुवाद टूल के प्रभावी उपयोग एवं अनुवाद की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। साथ ही, कार्यालयी कार्यों में हिन्दी अनुवाद को सुगम, सरल एवं प्रभावी बनाने में इस टूल की उपयोगिता एवं महत्त्व से भी अवगत कराया।

कार्यशाला की कुछ झलकियां















